मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-226
30/04/2020

मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये किये जा रहे कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की

- प्रखण्ड स्तरीय क्वारंटाइन सेंटर हेतु पूरी तैयारी रखी जाय तथा गुणवत्तापूर्ण सुविधायें भी सुनिश्चित की जाय।
- प्रखण्डों की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुये प्रखण्ड स्तरीय क्वारंटाइन सेंटर की क्षमता का निर्धारण किया जाय एवं तदनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। क्वारंटाइन सेंटर की क्षमता निर्धारण में जनसंख्या वृद्धि दर का भी ध्यान रखा जाय।
- पंचायत स्तरीय विद्यालयों के क्वारंटाइन सेंटर की क्षमता बढ़ाने तथा वहाँ भी पूरी तैयारी रखने का मुख्यमंत्री का निर्देश।
- सीमावर्ती आपदा राहत केन्द्रों में स्क्रीनिंग की समुचित व्यवस्था रखी जाय।
- रोजगार सृजन हेतु किये जा रहे कार्यों का भी नियमित अनुश्रवण हो तथा अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिये भी पूरी तैयारी रखी जाय।
- मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजनान्तर्गत लक्ष्य को और बढ़ाने पर हो विचार ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सुविधा हो।
- स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरूक करें।
- कोविड–19 संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रोटोकॉल तैयार रखा जाय ताकि आवश्यकतानुसार इन्हें तुरंत कार्यान्वित किया जा सके।

पटना, 30 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव एवं वरीय अधिकारियों के साथ कोविड–19 के संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री को

जानकारी देते हुये बताया कि राज्य के बाहर से आने वाले लोगों की पहले स्क्रीनिंग करायी जायेगी, उसके पश्चात उन्हें उनके गंतव्य जिले तक पहुॅचाकर संबंधित प्रखण्ड स्तरीय क्वारंटाइन केन्द्र पर रखा जायेगा।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रखण्ड स्तरीय क्वारंटाइन सेंटर हेतु पूरी तैयारी रखी जाय तथा गुणवत्तापूर्ण सुविधायें भी सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि प्रखण्डों की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुये प्रखण्ड स्तरीय क्वारंटाइन सेंटर की क्षमता का निर्धारण किया जाय एवं तदनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। क्वारंटाइन सेंटर की क्षमता निर्धारण में जनसंख्या वृद्धि दर का भी ध्यान रखा जाय। मुख्यमंत्री ने पंचायत स्तरीय विद्यालयों के क्वारंटाइन सेंटर की क्षमता बढ़ाने तथा वहॉ भी पूरी तैयारी रखने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती आपदा राहत केन्द्रों में स्क्रीनिंग की समुचित व्यवस्था रखी जाय। सीमावर्ती क्षेत्र में चलाये जा रहे आपदा राहत केन्द्रों पर राज्य के बाहर से आने वाले लोगों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग सुनिश्चित करायी जाय। साथ ही वहॉ सोशल डिस्टेंसिंग का भी पूरा ख्याल रखा जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन हेतु किये जा रहे कार्यों का भी नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 7 निश्चय की योजनाओं, मनरेगा, जल–जीवन–हरियाली तथा बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों को आरंभ कर गाइडलाइन के अनुरूप रोजगार सृजन के कार्यों की शुरूआत की गयी है ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिये भी पूरी तैयारी रखी जाय ताकि बाहर से आने वाले लोगों को भी रोजगार मिल सके। इसमें गाइडलाइन के अनुरूप सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो। कार्य स्थल पर मास्क, सेनिटाइजर इत्यादि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजनान्तर्गत लाभार्थियों के पंचायतवार लक्ष्य को बढ़ाने पर विचार किया जाय ताकि लोगों में रोजगार के अवसर बढ़ सके और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि कोविड–19 संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रोटोकॉल तैयार रखा जाय ताकि आवश्यकतानुसार इन्हें तुरंत कार्यान्वित किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुये कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कोरोना संक्रमण को लेकर सतर्क, सजग एवं जागरूक करें। लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, इसके लिये भी उन्हें निरंतर प्रेरित करते रहें।

******